भारतइलेक्ट्रॉनिक्सलिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
भारतनगरपोस्ट, गाज़ियाबाद (उ०प्र०) 201010०

संख्या:-12930/64/मा०स०वि/गेड/02
दिनांक: 15/10/2024

## विज्ञापन – डिप्लोमाप्रशिक्षु चयन (2024-25)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड-गाजियाबाद, रक्षा मंत्रालय के अधीन इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय क्षेत्र में अग्रणी सार्वजनिक नवरत्न उपक्रम है। प्रशिक्षु अधिनियम 1961 (संशोधित) के अंतर्गत एक वर्ष के लिए प्रशिक्षु प्रशिक्षण हेतु निम्नलिखित शाखाओं में **90** डिप्लोमा प्रशिक्षुओं की भर्ती प्रस्तावित है:-

| क्रम. संख्या | शाखा | 2024-25 के लिए प्रस्तावित संख्या | प्रशिक्षण की अवधि | मासिक वृत्तिका |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैकैनिकल इंजीनियरिंग | 30 | 1 वर्ष | रु.12,500/- |
| 2 | कम्प्यूटर साइन्स(कम्प्युटर साइन्स एंड इंजीनियरिंग, कम्प्युटर साइन्स एंड टेक्नोलॉजी , कम्प्युटर टेक्नोलॉजी एंड कम्प्युटर इंजीनियरिंग) | 20 | | |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक्स (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग , इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) | 30 | | |
| 4 | सिविल इंजीनियरिंग | 10 | | |
| | **कुल** | **90** | | |
| **आवेदन की प्रारम्भ तिथि: 15/10/2024**<br>**आवेदन की अंतिम तिथि: 04/11/2024** | | | | |

## I. आवेदन हेतु योग्यता मानदंड:

1. आवेदन के लिए केवल भारतीय नागरिक ही पात्र हैं।
2. अभ्यर्थी द्वारा दिनांक **01/10/2021** को या उसके बाद ए.आई.सी.टी.ई या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ऊपर दर्शायी गई शाखाओं में से किसी एक शाखा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं।
3. **आयु सीमा** : अभ्यर्थी की अधिकतम आयु दिनांक **01/10/2024** को **25 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऊपरी आयु सीमा में **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति** के अभ्यर्थियों को **5 वर्ष** और **अन्य पिछड़ी जाति** के अभ्यर्थियों के लिए **3 वर्ष** एवं **शारीरिक विकलांग/अक्षम** को **10 वर्ष** की छूट का प्रावधान है।
4. उम्मीदवारों का चयन भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड-गाजियाबाद द्वारा आयोजित लिखित परीक्षामें प्राप्त अंको के प्रतिशत की योग्यता के आधार पर होगा।

## II. सामान्य निर्देश:-

1. उपरोक्त मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र है।
2. प्रशिक्षु प्रशिक्षण की अवधि **एक वर्ष** है।
3. प्रशिक्षु अधिनियम (संशोधित) के अनुसार वृत्तिका देय होगी।
4. अभ्यर्थी दिनांक **04/11/2024 तक या उससे पहले** केवल सरकारी पोर्टल nats.education.gov.in पर ही आवेदन कर सकते है।

5. जो अभ्यर्थी पहले किसी दूसरे संस्थान से प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा कर चुके हो या कर रहे हो या प्रशिक्षण के मध्य में संस्था से निष्कासित किए गए हो वह आवेदन हेतु अयोग्य होंगे।
6. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शारीरिक विकलांग/अक्षम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण भारत सरकार के नियमानुसार रहेगा।
7. अभ्यर्थी प्रशिक्षण की अवधि के दौरान, प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 (संशोधित) और संस्थान के नीति/नियमों द्वारा शासित होंगे।
8. कैंटीन की सुविधा लागू रियायती दरों पर उपलब्ध होगी।
9. इच्छुक उम्मीदवारों को BOAT वेबपोर्टल nats.education.gov.in पर पंजीकरण करना आवश्यक है। अंतिम **(04/11/2024)** तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
10. संक्षिप्त सूची में दर्शाये गए अभ्यर्थियों को अपने लिखित परीक्षा की सूचना पंजीकृत ईमेल आईडी पर दी जायेगी।
11. दर्शायी गयी रिक्तियों की संख्या सांकेतिक है और चयन समिति द्वारा बिना किसी अधिसूचना और बिना कोई कारण बताए परिवर्तित की जा सकती है।
12. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद प्रशिक्षु को संस्थान में नियमित रोजगार देने की कोई गारंटी नहीं देता है। उन्हें कभी भी इस शिक्षुता के आधार पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद में नियमित रोजगार का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद पर प्रशिक्षु को संस्थान के अंदर कोई नौकरी प्रदान करने का कोई आधार नहीं बनाएगा। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद प्रबंधन रोजगार / नियुक्ति की किसी भी कमी के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।
13. सभी उम्मीदवारों के लिए पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन के तरीके, चयन प्रक्रिया को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने आदि से संबंधित सभी मामलों पर प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। रिक्तियों को भरना पूरी तरह से उम्मीदवारों की उपयुक्तता के आधार पर प्रबंधन के निर्णय पर होगा और यदि इनमें से कुछ रिक्तियां उम्मीदवारों की अनुपयुक्तता /अपर्याप्त संख्या के कारण नहीं भरी जाती हैं, तो नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं किया जाएगा ।
14. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड गाजियाबाद प्रबंधन गैर-चयन / कॉल / प्रस्ताव पत्र जारी न करने के लिए उम्मीदवार के प्रति जवाब देह नहीं होगा ।
15. **अभ्यर्थीयों की लिखित परीक्षा के लिए संक्षिप्त सूची डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्राप्त अंको के प्रतिशत की योग्यता के आधार पर होगी ।**

**नोट :-**किसी भी जानकारी हेतु ईमेल tgtgad@bel.co.in माध्यम से संपर्क करें। अन्य किसी भी प्रकार के माध्यम से संपर्क अमान्य होगा।

**(आवेदन की प्रक्रिया के लिए देखें)।**

**छात्र प्रवेश प्रक्रिया nats.education.gov.in पर देख सकते हैं :-**

नामांकन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से पहले छात्रों के पास निम्नलिखित दस्तावेजो का होना आवश्यक है।

- आधार कार्ड: प्रारूप: पीडीएफ, आकार: 1 एमबी से कम।
- योग्यता डिप्लोमा / अंतिम डिप्लोमाप्रमाणपत्र विभाजन और प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होने की स्थिति का स्पष्ट संकेत **(इंटरनेट कॉपी की अनुमति नहीं):** प्रारूप: पीडीएफ, आकार: 1 एमबी से कम।
- पासपोर्ट साइज फोटो: जेपीईजी, साइज: 200KB से कम (“3.5*4.5”)।
- बैंक का (लेखा) विवरण प्रस्तुत करने के लिए बैंक पासबुक कोपी आवश्यक होगी ।
- वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी।

- मोबाइल नंबर (ओटीपी भेजने / सत्यापित करने के लिए आवश्यक होगा)।

## I. पंजीकरण और आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया:

उन छात्रों के लिए जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय वेब पोर्टल में नामांकन नहीं कराया है।

**चरण 1:**

**क.** https://nats.education.gov.in/पर जाएं
**ख.** स्ट्यूडेंट पर क्लिक करें
ग. स्टूडेंट रजिस्टर पर क्लिक करें
**ग.** आवेदन प्रपत्र पूरा करें।

**घ.** प्रत्येक छात्र के लिए एक विशिष्ट नामांकन संख्या सृजित की जाएगी।

**<u>नामांकन पूर्ण करने के उपरांत</u>**

**चरण 2:**

**क.** 'स्ट्यूडेंट' पर लॉगिन करें।
**ख.** विज्ञापित रिक्तियों के लिए आवेदन के तहत 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड-गाजियाबाद' खोजें।
**ग.** "आवेदन करें" पर क्लिक करें (आपने इस रिक्ति के लिए सफलतापूर्वक आवेदन किया है।)

**कृपया ध्यान दें :** अभियांत्रिकी डिप्लोमा परीक्षा में अंकों का प्रतिशत अनिवार्य है। इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अनिवार्य रूप से एनएटीएस पोर्टल के कॉलम/सीजीपीए में अंकों का प्रतिशत दर्ज करें। यदि% अंक नहीं दिए जाते हैं तो अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेब पोर्टल में छात्रों के नामांकन से संबंधित पूछताछ के लिए, ईमेल **-natssupport _ student@aicte _ india.org** के माध्यम से संपर्क करें।